Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

>

Title : Need to construct a new bridge over river Lone on Unnao-Raibareilly road, Uttar Pradesh besides conducting a survey of dilapidated roads in Unnao Parliamentary Constituency.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव, जनपद उन्नाव, उ0प्र0 के अंतर्गत उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर लोन नदी का पुल विगत दो सालों से टूटा हुआ है। बांगरमऊ-सण्डीला मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है। लोगों का इस मार्ग पर चलना बड़ा कठिन हो रहा है। यही स्थिति परियर-चकलवंशी मार्ग, बांगरमऊ-मियांगंज - आसीवन मार्ग, रसूलाबाद-महमूदपुर मोड़ से ग्राम हंसेवा मार्ग, लालकुआं से रसूदाबाद टाउन एरिया मार्ग की है।

इन मार्गो के अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव में ऐसे और भी बहुत से मार्ग हैं, जो बहुत ही जीर्णशीर्ण स्थिति में है। सड़कों की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उन्नाव संसदीय क्षेत्र, जो एक बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, में उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर लोन नदी के पुल का निर्माण अविलम्ब करवाये जाने के साथ साथ क्षेत्र की सभी जीर्णशीर्ण सड़कों का सर्वेक्षण करवा कर इन मार्गो का निर्माण शीघ्र करवाये जाने हेतु राज्य सरकार को निर्देश दिए जाने हेतु कारगर कदम उठाये जायें।